प्रादेशिक समाचार
दिनांक–12.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **झारखंड समेत देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया विजयादशमी का त्योहार, राज्य के कई इलाकों में कलश विसर्जन और सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को दी गयी विदायी।**
2. **आरएसएस के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने नागपुर में विजयादशमी पर किया शस्त्र पूजन, कहा–भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातियों की अस्मिता को बचाया।**
3. **प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए पंजीकरण आज से शुरू, एक सौ 93 कंपनियां लगभग 91 हजार इन्टर्नशिप के अवसर करेंगी प्रदान।**
4. **प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात के बाद लौटे रांची, कहा– चुनाव घोषणा के बाद गठबंधन दल की बैठक में सीट शेयरिंग पर होगा फैसला। और**
5. **केस मैनेज करने को लेकर करोड़ों रूपये की वूसली से जुड़े मामले में ईडी की रांची में दबिश, एक व्यक्ति को लिया हिरासत में।**

****

झारखंड समेत देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ दशहरा और विजयादशमी का त्योहार मनाया गया। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। विजयदशमी पर नई दिल्ली के लाल किले पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई राजनेताओं ने विजयादशमी की शुभकामनायें दी है।

****

विजयादशमी पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान समेत आठ स्थलों पर असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक के रूप में रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले जलाये गये। मोरहाबादी मैदान में पंजाबी हिंदू बिरादरी की ओर से आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विशिष्ट अतिथि के रूप में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह शामिल हुए। इस बार मोरहाबादी मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जीवंत रामलीला का मंचन तथा प्रदूषणमुक्त और धुआं रहित आतिशबाजी रही। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने समां बांधे रखा।

****

राज्य के कई इलाकों में कलश विसर्जन और सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को विदायी दी गयी। नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा–अर्चना के बाद दशमी पर दशहरे के साथ इस पर्व का समापन हो जाता है। विजयादशमी के दिन बंगाली समाज की महिलायें सिंदूर की होली खेलती हैं। वे एक दूसरे को सिंदूर लगाकर शुभकामनाएं देती हैं। रांची, दुमका, जामताड़ा और हजारीबाग समेत राज्य के कई जिलों में बंगाली समाज की महिलाओं ने सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को विदायी दी। इस दौरान महिलाओं ने मां दुर्गा से अखंड सौभाग्य की मंगलकामना की।

****

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज विजयदशमी पर दार्जिलिंग के सुकना छावनी में शस्त्र पूजा कर सेना के जवानों के साथ त्यौहार मनाया। उन्होंने भारतीय सेना के 33 कोर मुख्यालय में पारंपरिक शस्त्र पूजा में भाग लिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि विजयदशमी पर शस्त्र पूजा की बहुत पुरानी परंपरा है।

****

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने आज विजयादशमी पर रामगढ़ स्थित पंजाब रेजीमेंट सेंटर और सिख रेजीमेंट सेंटर में जवानों के साथ श़स्त्र पूजा की। इस दौरान श्री सेठ ने कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है। उन्होंने

जवानों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि वे अपने परिवार से दूर रहकर मां भारती की सेवा में लगे हैं। रक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना आज दुनिया के किसी भी देश की सेना से कमजोर नहीं है।

****

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, आरएसएस आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस उपलक्ष्य में आरएसएस द्वारा नागपुर में विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान सरसंघचालक डॉ0 मोहन भागवत ने शस्त्र पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। डॉ0 भागवत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातियों की अस्मिता को बचाया है।

****

प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत एक सौ 93 कंपनियां लगभग 91 हजार इन्टर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है, जो इस महीने की 25 तारीख तक चलेगा। इस वर्ष के केन्द्रीय बजट में घोषित की गई यह पहल युवाओं को कारोबारी माहौल में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में सहायता के लिए 12 महीने की इंटर्नशिप प्रदान करती है। एक रिपोर्ट––

****

विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी लगातार तेज होती जा रही है। बैठकों और मुलाकातों का दौर भी जारी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश नई दिल्ली में हेमंत सोरेन, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक के बाद आज रांची लौटे। रांची लौटने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आचार संहिता लगने के बाद गठबंधन दल की बैठक होगी, जिसमें सीटों के बंटवारे पर निर्णय लिया जाएगा।

....

सदर अस्पताल लातेहार में डायलिसिस सुविधा शुरू हो गयी है, जिससे अब यहां के मरीजों को डायलिसिस के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

****

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने आज राजधानी रांची के चुटिया थानाक्षेत्र के पटेल कंपाउंड स्थित अधिवक्ता सुजीत कुमार के करीबी प्रदीप गुप्ता के ठिकाने पर छापेमारी की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईडी की टीम श्री गुप्ता के छोटे बेटे को अपने साथ ले गयी है। हांलाकि ईडी की दबिश से पहले ही प्रदीप गुप्ता और उसके बड़े बेटे घर से फरार हो गये थे। यह कार्रवाई केस मैनेज करने को लेकर करोड़ों रूपये की वूसली से जुड़ा हुआ है।

********समाप्त********